खबर संक्षेप

### विद्युत विभाग की लापरवाही से युवक की मौत

**मैहर।** मैहर अंतर्गत आने वाली पंचायत धनवाही कला के निवासी राकेश साहू के बेटे कृष्ण कुमार साहू की बिजली के खंबा गिर जाने से मौत हो गई। परिजनों के द्वारा बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी कार्य कर रहे थे किंतु लापरवाही के चलते बिजली का खंबा बालक के ऊपर गिर गया जिसकी मृत्यु हो गई। बालक को घायल अवस्था में मैहर सिविल अस्पताल लाया गया जिसकी जांच करने वाले डॉक्टर वी के गौतम के द्वारा युवक को मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि परिजनों ने उम्र के अनुसार मुआवजे की मांग की जा रही है।

सीमेंट फैक्ट्री की फेंसिंग में फंसने से हुई थी और घायल, शरीर पर मिले दांतों के निशान

## जंगल में जानवरों के बीच संघर्ष, मादा तेंदुए की मौत





**सतना।** मैहर वन मंडल के मकुंदपुर वनपरिक्षेत्र में एक डेढ़ साल की मादा तेंदुए की मौत हो गई। सोमवार सुबह हिनौती बीट के कक्ष क्रमांक-आरएफ 726 में अल्ट्राटेक की मैग्जीन एरिया की फेंसिंग के पास तेंदुए का शव मिला। मौके पर पहुंचे मैहर एसडीओ यशपाल मेहरा और मकुंदपुर रेंजर दिग्विजय सिंह ने डॉग स्क्वॉड के साथ जांच की। रेंजर सिंह के अनुसार,तेंदुए के शरीर पर मिले निशान बताते हैं कि उसका किसी अन्य तेंदुए से संघर्ष हुआ था। बचने के प्रयास में वो फैक्ट्री की फेंसिंग से टकरा गई। इस टक्कर से उसके सिर में गंभीर चोट लगी और ज्यादा रक्तस्राव हुआ।

### सिर में चोट लगने से हुई मौत

तेंदुए के शरीर पर बड़े और नुकीले दांत के निशान मिले। उसका कान भी कटा हुआ था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फेंसिंग की तार अंदर की तरफ घुस गई थी। रीवा वेटरनरी मेडिकल कॉलेज के डॉ. शैलेन्द्र पटेल और डॉ.अभिषेक राजपूत ने शव का पोस्टमार्टम किया। जिसमें आपसी संघर्ष और सिर में चोट से मौत की पुष्टि हुई।

### अधिकारियों की निगरानी में हुआ अंतिम संस्कार

रीवा वृत्त के सीसीएफ राजेश राय और मैहर वन मंडल के प्रभारी डीएफओ मयंक चांदीवाल ने भी मौके का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में मादा तेंदुए का अंतिम संस्कार किया गया।

## मैहर में जवारा विसर्जन करने जा रहे लोगों का ट्रैक्टर पिकअप से भिड़ाः एक की मौत, 25 घायल



**सतना।** मैहर-अमरपाटन के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर बारी मोड़ गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राली पलट गई। हादसे में एक 24 साल के युवक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि 25 लोग घायल हो गए। घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब ढाई हुई। सरबका गांव के ग्रामीण जवारा विसर्जन के लिए बछरा गांव जा रहे थे। ट्रैक्टर में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। हादसे में नकतरा निवासी बलवीर कोल 24 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। पिकअप में सवार तीन लोग भी घायल हुए हैं।

### तीन घायलों को रीवा रेफर किया गया

अमरपाटन पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने पिकअप में फंसे ड्राइवर को रेस्क्यू किया। हाईवे एम्बुलेंस 1033 और 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया।

### घायलों के नाम

ट्राली पलटने से घायल होने वालों में रजनीश कोल, श्यामकली, सियावती, दीपेंद्र,विद्या,उमेश,राजकुमार, दीपक, अमन, सचिन,सुनील,दुर्गा,गीता,जुग्गी कोल,सिद्धू कोल शामिल रहे। वहीं पिकअप से अभिषेक साकेत,रजनीश कोरी और प्रदीप कोल घायल हुए हैं।

### सब्जियां लेकर रीवा जा रहा था पिकअप

टीआई के.पी त्रिपाठी ने बताया कि पिकअप वाहन सब्जियां लेकर रीवा जा रहा था। उन्होंने सिविल अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी भी ली।

## हनुमान मंदिर के पास से शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे लोग



**सतना।** पोड़ी हनुमान मंदिर के पास खोली गई शराब दुकान के विरोध में जनपद सदस्य ने अन्न-जल त्याग कर अनशन शुरू कर दिया है। ये दुकान उचेहरा जनपद के पिथौराबाद के पोड़ी चौराहा बस स्टैंड पर स्थित है। जनपद सदस्य और सभापति सहकारिता एवं उद्योग रमेश उर्फ लाल कुशवाहा के साथ कई ग्रामीण भी धरने पर बैठे हैं। इससे पहले ग्राम पंचायत पोड़ी और पिथौराबाद के सरपंचों ने एसडीएम, जिला आबकारी अधिकारी और कलेक्टर को विरोध पत्र दिया था।उन्होंने शराब दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की थी।

### जनपद सदस्य ने शुरू किया अनशन

प्रशासन के कार्रवाई न करने पर मंगलवार को जनपद सदस्य ने अनशन शुरू किया। उनके समर्थन में जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह,सरपंच संघ अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार,पोड़ी पंचायत सरपंच अंजना कोल और पिथौराबाद सरपंच माधुरी जायसवाल भी मौजूद रहे।

### महिलाओं को हो रही परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकान की वजह से उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर दिनभर यात्रियों की भीड़ रहती है। स्कूल-कॉलेज की छात्राएं यहां बस का इंतजार करती हैं।दुकान के पास सामुदायिक शौचालय है,जिसका उपयोग महिलाएं और बच्चे करते हैं। शराबियों की भीड़ से आम नागरिकों,खासकर महिलाओं को परेशानी हो रही है। लोगों को डर है कि इससे अभद्र व्यवहार की घटनाएं भी बढ़ सकती हैं।

## जनता पर भाजपा सरकार अब बोझ बनती जा रही हैः धर्मेश घई

**मैहर। भारतीय जनता पार्टी की सरकार अब आम जनता के लिए बोझ बनती जा रही है। उक्त आरोप जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेश घई ने लगाते हुये कहा कि अब आम जनता को महंगाई के मोर्चे पर एक और झटका लगा है क्यों कि एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ा दी गई हैं।**

अब घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर पर 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिह पुरी ने सोमवार को वितरण कंपनियों की ओर से रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी किए जाने का एलान किया था और मंत्री ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के ग्राहकों दोनों के लिए गैस की कीमत में इजाफा किया गया है। नई कीमतें लागू भी कर दी गई है। श्री घई ने कहा कि अब जनता को अपने मताधिकार की ताकत को याद करने की जरूरत आन पड़ी है। यह सरकार अब आपकी रोटी पर भी भारी होती जा रही है। पेट्रोलियम में भी वृद्धि कर परिवहनों पर भी मंहगाई की बौछारें देने का काम इस सरकार ने किया है। यह सरकार अपनी सरकारी सुविधाओं पर एवं अपनी स्थापना खर्च पर कटौती कभी नही करती है उन्हे सिर्फ आमजन ही वह स्त्रोत है जहां से सरकार सिर्फ वसूली कर अपने आनंद और सरकार के झूठे विकास कार्यों की प्रशंसा के विज्ञापनों पर सरकार अपना धन खर्चा कर रही है।

## अस्पताल परिसर में गंदगी होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



### मैनेजर को लगाई कड़ी फटकार

**सतना।** मंगलवार की शाम कलेक्टर डॉक्टर सतीश कुमार एस सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर उन्होंने रोगी कल्याण समिति की बैठक ली और इस बीच अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया। कलेक्टर ने सफाई ठीक नहीं होने की वजह से अस्पताल के मैनेजर को कड़ी फटकार भी लगाई।आपको बता दें कि कलेक्टर डॉक्टर सतीश कुमार एस इसके पहले भी अस्पताल का निरीक्षण कर चुके हैं। मंगलवार को हुए रोगी कल्याण समिति की बैठक में पहुंचे इसी दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में हनुमान जी के मंदिर तक सफाई व्यवस्था का मुआयना किया। सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर उन्होंने अस्पताल के मैनेजर धीरेंद्र वर्मा के कामकाज के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एल के तिवारी के अलावा और डॉक्टर उपस्थित रहे।

### बालक सीनियर खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल 9 को

**मैहर।** रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बालक सीनियर टी 20 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मैहर की टीम का चयन बुधवार 9 अप्रैल को सुबह 9 बजे मैहर क्रिकेट स्टेडियम में होना है। इस चयन प्रक्रिया इच्छुक खिलाड़ी समय पर पहुंचकर चयन समिति के सुरेंद्र चौरसिया को सूचित कर प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र (डिजिटल) अंतिम 3 वर्ष की अंक सूची,आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ एक-एक छाया प्रति एवं क्रिकेट किट लाना आवश्यक है।

### मुख्यमंत्री को वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसियेशन ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**मैहर।** मां शारदा की पावन नगरी में प्रदेश के मुखिया डॉ.मोहन यादव के 6 अप्रैल प्रथम आगमन पर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसियेशन जिला मैहर के द्वारा संरक्षक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रविनंदन मिश्र के संरक्षण व अध्यक्ष तथा प्रांतीय सचिव आर.पी.गर्ग के नेतृत्व में पेंशनरों की विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। मांगों में प्रमुख रूप से म.प्र.व छत्तीसगढ़ बटवारे की धारा 49 (6) समाप्त किया जाय। शासन द्वारा जारी आदेश पेंशनरों के हित में 30 जून व 31 दिसम्बर को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाय। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सामान्य रूप से 300 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाय। 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पेंशनरों को 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन प्रदाय की जाय।

## हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित रामनवमीं शोभायात्रा में शामिल हुआ एकेएस विश्वविद्यालय





**सतना।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव का पर्व सोमवार को शहर में धूमधाम से मनाया गया।हिंदू पर्व समन्वय समिति एवं सर्व समाज द्वारा आयोजित श्री रामनवमी शोभायात्रा में एकेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.पी.सोनी की विश्व सरकार की अवधारणा की झलक आकर्षण का केंद्र रही। उनकी समूचे विश्व शांति की अवधारणा पर सजाई गई झांकी की शोभा निराली रही। विश्व शांति का संदेश देती हुई रैली सभी का ध्यान आकृष्ट करने में सफल रही। कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के सभी संकाय के डीन,डायरेक्टर्स और फैकल्टी मेंबर्स के साथ बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स की सहभागिता रही। रैली में एकेएस के स्टूडेंट्स श्री राम,श्री लक्ष्मण,श्री जानकी के साथ श्री हनुमान जी की वेशभूषा में थे। भगवान रूप धारण किए हुए स्टूडेंट को सभी ने नमन किया। रैली के दौरान डॉ.सुधीर जैन द्वारा रचित राम भजन राम नाम का आश्रय लेकर ने लोगों का मन मोह लिया।




खबर संक्षेप

## गोवंश का अवैध परिवहन करते एक ट्रक जप्त




गुनौर। ट्रक में भरे चौसठ नग गोवंश को बरामद कर स्थानीय जन सहयोग से किया गौ सदन में दाखिल* दिनांक 07.08.25 की दरमियानी रात को सूचना प्राप्त हुई थी एक ट्रक के अंदर अवैध रूप से गोवंश का परिवहन किया जा रहा है ट्रक क्रमांक MP09HH3411 में निर्दयीपूर्वक नर गोवंश को ठूस ठूस कर भरकर पवई तरफ से नागौद तरफ ले जाया जा रहा है जिससे थाना गुनौर में रात्रि गस्त में तैनात कर्मचारियों के द्वारा स्थानीय जन सहयोग से ट्रक को रोक कर चेक करने पर ट्रक में अवैध रूप से 64 नर गोवंश भरे होना पाए गए। ट्रक का ड्राइवर अंधेरे में खेतों तरफ भाग गया। जिससे मौके पर ट्रक एवं उसमें भरे हुए अवैध गोवंशों को जप्त किया गया। गोवंशों को गौ सदन गुनौर में दाखिल किया गया एवं पशु चिकित्सक द्वारा उनका चिकित्सीय परीक्षण किया जा रहा है। थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 100/25 धारा 11 घ पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, धारा 4,6,9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है जिसकी विधिवत विवेचना की जा रही है। **उल्लेखनीय भूमिका:** उक्त संपूर्ण कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन एवं स्थानीय जन सहयोग से थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम , प्रधान आरक्षक सुरेश चंद्र पांडे, आरक्षक देवराज पटेल, आरक्षक शिवेंद्र मिश्रा महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 16 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग कायम



**पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कुदरा में एक 16 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के विषय में फरियादी रामकिशन अहिरवार पिता पचइयां उम्र 48 वर्ष निवासी कुदरा ने अमानगंज पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि मेरी पुत्री अर्चना अहिरवार पिता राम किशन अहिरवार उम्र 16 वर्ष ने घर में ही फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में अमानगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना मे लिया।

## ग्राम ककरा में राह चलते युवक पर जानलेवा हमला युवक की हालत गंभीर अमानगंज से कटनी रेफर



**पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम ककरा में एक चौधरी परिवार के एक नवयुवक राजकरण पिता ने किन्नैया चौधरी उम्र लगभग 38 वर्ष के लगभग गांव के ही कुछ बर्मन समाज के पुराने विवाद को लेकर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही घायल के परिजनों को लगी तत्काल मौके पर आए और युवक को अमानगंज इलाज हेतु लाने निरंतर प्रयासरत रहे व मुश्किल उन्हें एक एंबुलेंस सहारा घटना की तकरीबन 1 घंटे बाद लगा और उसके माध्यम से अमानगंज सीएससी पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल ही कटनी रेफर कर दिया गया चौधरी के शरीर पर कई स्थान पर गहरी और गंभीर घाव बताए गए उनके सहयोगी परिजनों का कहना था कुल्हाड़ी से भयंकर हमला हुआ है दोनों ही परिवारों के बीच पुराने विवाद को लेकर घटना घटी है हालात गंभीर है ।

### कलेक्टर ने फाइल के ऑनलाइन अनुमोदन सहित ई-ऑफिस से किया फाइल का निराकरण

# ई-ऑफिस सिस्टम से दक्षता, पारदर्शिता के साथ होगी समय की बचत- कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर कलेक्ट्रेट में ई-ऑफिस सिस्टम के क्रियान्वयन का कार्य संचालित है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज कलेक्टर कक्ष में फाइल के ऑनलाइन अनुमोदन सहित ई-ऑफिस से फाइल का निराकरण भी किया। इस मौके पर जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल भी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कुमार ने बताया कि ई-ऑफिस के माध्यम से जहां एक ओर कार्य में पारदर्शिता रहेगी, वहीं गुणवत्ता के साथ समय की भी बचत भी होगी। उन्होंने जिले के सभी विभागों को ई-ऑफिस पर शीघ्र ऑनबोर्ड होने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए गत दिवस प्रत्येक विभाग के लिपिकीय स्टॉफ और विभाग प्रमुखों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया था। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री निवास से ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली का शुभारंभ किया था। इसके बाद सभी जिलों में इस पर काम शुरू हुआ है। ई-ऑफिस सिस्टम में अधिकारी, कर्मचारी अपनी आईडी से ऑनलाइन अन्य अधिकारी को फाइल भेज सकेंगे और अनुमोदन भी ऑनलाइन प्राप्त किया जा सकेगा। ई-ऑफिस सिस्टम से समय और पेपर दोनों की बचत होगी। साथ ही सरकारी विभागों में जनता के काम को लेकर अब ज्यादा दिन फाइल अटक नहीं पाएंगी। फाइल में हेराफेरी व कांटछांट की भी कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। सिस्टम के पूरी तरह से क्रियान्वयन के बाद सभी तरह की फाइल ऑनलाइन खुलेंगी। फाइल किस अधिकारी के पास पेंडिंग है, यह सब भी ऑनलाइन दिखेगा। लोगों के आवेदन पर विभागीय स्तर से जो फाइल चलेगी, उसका समय सीमा में निराकरण होगा। इस तरह से सरकारी काम में पारदर्शिता आएगी। ई-ऑफिस में कार्य करने के लिए सभी अधिकारी, कर्मचारी के पास स्वयं की शासकीय ई-मेल आईडी होना चाहिए। आगामी समय में सभी फाइलों का संचालन ई-ऑफिस के माध्यम से किया जाएगा। जिससे प्रशासनिक कार्यों में गति एवं पारदर्शिता आएगी। संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के काम पूरा करने का समय भी तय होगा। सभी विभागों को अपने किसी कम्प्यूटर में दक्ष कर्मचारी को कार्यालय के लिए, नोडल नियुक्त करना है, जो ऑफिस के लिए मास्टर ट्रेनर की तरह काम करेगा।



**कभी भी और कहीं से भी चला सकेंगे नोटशीट**

एनआईसी के डीआईओ ने बताया कि कलेक्ट्रेट ऑफिस की भांति ई-सिस्टम के लिए अन्य विभागों से भी डेटा मांगा जा रहा है। यह एक तरह से पेपरलेस सिस्टम होगा। भविष्य में विभागीय स्तर पर जो आवेदन डिजिटलाइज्ड होंगे, तो एक क्लिक पर उपलब्ध हो सकेंगे। इमरजेंसी में कोई नोटशीट ऑनलाइन कभी भी और कहीं से चला सकते हैं। इसमें मूवमेंट व टाइम रिकॉर्ड होगी। इससे कामकाज की गति और दक्षता बढ़ेगी। विभागों को त्वरित निर्णय लेने में मदद मिलेगी। ई ऑफिस की प्रक्रिया भोपाल से मैपिंग के माध्यम से की जाती है, जिसके उपरांत विभाग ऑफिस में कार्य शुरू कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्टेट स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। वार्षिक भौतिक निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता ने आवश्यक जानकारी प्रदान की। जिला कलेक्टर ने स्टाम्प का भौतिक रूप से सत्यापन किया और कोषालयीन व्यवस्थाओं के संबंध में अन्य जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक वित्त रामप्रताप प्रजापति सहित सहायक कोषालय अधिकारी अंशु खरे एवं परिवीक्षाधीन राज्य अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी प्रतीक्षा साहू भी उपस्थित रहीं।

## खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**पन्ना।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा दूध डेयरी सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में आज खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीतू खरे ने सलेहा क्षेत्र में कार्यवाही कर सैम्पल लिए। यहां स्थित मां शारदा एवं चौमुखनाथ दूध डेयरी से दूध का नमूना तथा शिवम डेयरी से पनीर का नमूना प्राप्त किया गया। इसे परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट एवं जांच परिणाम उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी। आगामी दिवसों में भी अमानक स्तर के दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों के विक्रय पर निरंतर कार्यवाही की जाएगी।

# अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में 11 को प्रस्तुत करें आपत्ति



**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना एवं तहसीलदार पन्ना के प्रतिवेदन एवं बगैर अनुज्ञा के कॉलोनी निर्माण पर तीन अनावेदकों को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में आगामी 11 अप्रैल को स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। इनमें पन्ना तहसील निवासी मोहम्मद उवैश सिद्दीकी, अब्दुल सलीम एवं मोहम्मद मशकूर शामिल हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा ग्राम पन्ना पटवारी हल्का नम्बर 15 राजस्व निरीक्षक मंडल पन्ना अंतर्गत आमजनों को भी आवश्यक कार्यवाही के लिए सूचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पन्ना स्थित सर्वे नम्बर 1959/1 एवं 1959/2/1/1/1, 1959/2/1/2 की विभिन्न रकवा की भूमि पर संबंधितजनों द्वारा कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया है एवं न ही कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति व अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास और रेरा में पंजीयन कराए बिना छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अनाधिकृत कॉलोनी का निर्माण किया जाना पाया गया है। कलेक्टर न्यायालय द्वारा उक्त सर्वे नम्बरों पर निर्मित की जा रही कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अनावेदकों सहित कोई भी व्यक्ति अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

## अखिल भारतीय किन्नर समाज द्वारा सात दिवसीय आयोजन कर शहर में निकाली गई रैली



**पन्ना।** शहर में सोमवार को अखिल भारतीय किन्नर समाज द्वारा सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें बुंदेलखंड सहित देश के अलग-अलग राज्यों से किन्नर शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान किन्नर समाज ने पन्ना नगर की मुख्य सड़कों पर शोभा यात्रा निकाली। यह शोभायात्रा एम आई होटल से शुरू होकर शहर के मुख्य चौराहे से होते हुए एम आई होटल पर समाप्त हुई। बता दें कि इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश किन्नर बोर्ड के अध्यक्ष सोनम किन्नर शामिल हुए। जिन्होंने मीडिया से बात करते हुए इस शोभायात्रा के उद्देश्य के बारे में बताया. उन्होंने कहा, किन्नर समाज ने देश में सद्भावना शांति के उद्देश्य से शोभायात्रा निकाली है। यह जुलूस हमारे प्रभु मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव और रामनवमी पर्व की खुशी में निकाला गया है। बता दें कि पन्ना में एकत्रित हुए किन्नर समाज के वरिष्ठ जन बग्घी पर सवार होकर शहर भ्रमण पर निकले और पन्ना शहर की आवाम को आशीर्वाद दिया।

## गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के प्रयास से आदिवासी बस्ती में टेवरा में होगा विद्युतीकरण



**पन्ना।** गुनौर विधानसभा के ग्राम पंचायत धरवारा अंतर्गत आदिवासी बस्ती मं टेवरा मैं लाइट न होने के कारण आदिवासी बस्ती के लोगों को काफी दिक्कत और मुसीबत का सामना करना पड़ता है बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाते हैं विद्युतीकरण को लेकर कई बार आवेदन जिला स्तर पर भी दिए गए पर कोई सुनवाई नहीं हुई। टेवरा से लगभग 300 मीटर दूरी तक विद्युत है और इसके बाद जो वहां पर रहने वाले लोग हैं लाइट ना होने के कारण काफी परेशान है लाइट ना होने के कारण कई बार लोगों के साथ घटनाएं भी घट चुकी है जिसको लेकर गुनौर विधानसभा के ऊर्जावान विधायक डॉ राजेश वर्मा के द्वारा विधानसभा में याचिका प्रस्तुत की गई गुनौर विधायक के द्वारा विधानसभा में ग्राम पंचायत धरवारा अंतर्गत आदिवासी बस्ती में टेवरा मैं लाइट न होने को लेकर बात को रखा गया कि आदिवासी बस्ती में विद्युतीकरण कराया जाए ताकि वहां पर रहने वाले आदिवासी बस्ती के लोगों को मुसीबत का सामना न करना पड़े और उनके बच्चे भी पढ़ लिखकर आगे बढ़ सकें गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा के प्रयासों से जल्द ही ग्राम पंचायत धरवारा की आदिवासी बस्ती के लोगों को लाइट की सुविधा मिलेगी।

## स्थगन आदेश के बावजूद गरीब किसान की जमीन पर तानाशाही पूर्वक बनाई जा रही सड़क, कलेक्टर से न्याय की गुहार



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ तहसील एवं धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम छतैनी के गरीब किसान की जमीन पर स्थगन आदेश के बावजूद बिना भू अर्जन और बिना मुआवजा के जबरन तानाशाही पूर्वक सड़क बनाने का मामला सामने आया है। पटवारी के द्वारा मौके पर नाप किए जाने के बाद भी ठेकेदार व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी स्थगन आदेश को मानने को तैयार नहीं हैं। जबरन सड़क बना रहे हैं। फरियादी चन्द्रपाल लोध पिता गौरीशंकर लोध निवासी छतैनी ने कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन सौंप कर बताया है कि उसकी आराजी नं 331 रकवा 0.1400 हे० ग्राम छतैनी में स्थित है जिस पर काबिज होकर आवेदक अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वर्तमान में चने की फसल बोई थी। सड़क ठेकेदार अशोक गुप्ता द्वारा पिपराही से छतैनी रोड निर्माण में मेरी निजी जमीन पर जबरन सड़क बनाई जा रही है। जबकि कोई मुआवजा भी नहीं दिया गया न भू-अर्जन किया गया। न्यायालय तहसीलदार अजयगढ़ राजस्व मण्डल धरमपुर में प्रकरण प्रस्तुत करने पर 26 नवंबर 2024 को अंतरिम स्थगन आदेश जारी किया गया और पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर रोड ठेकेदार अशोक गुप्ता को आदेशित किया कि सड़क निर्माण कार्य को तत्काल रोक कर जवाब प्रस्तुत करें, इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा मेरी निजी भूमि पर जबरन नदी का मलवा बिछाया जा रहा है। इस प्रकार ठेकेदार के द्वारा न्यायालय की अवमानना करते हुए जबरन सड़क बनाई जा रही है। फरियादी ने मामले में तत्काल कार्रवाई की गुहार लगाई है। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम के द्वारा आवेदन अजयगढ़ एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए मार्क किया गया अजयगढ़ एसडीएम कार्यालय पहुंचने पर तहसीलदार को आवेदन सौंपने की बात कही गई, फरियादी के द्वारा तहसीलदार कार्यालय में आवेदन जमा कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।

## सिमरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुआं ताल मेला में लगी आग



**पन्ना।** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुआं ताल मेले में दिनांक 07/04/25 को कुआंताल मेला बनौली में रात्रि में जवारे विसर्जन चल रहा था कि अचानक रात्रि करीब 2:30 बजे टपरियन रोड वाहन पार्किंग के पास खेत में भीषण आग लग गई,फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पा रही थी, तो मौके पर तत्काल एसडीओपी, टी आई अपने स्टाफ के साथ पहुंचे आग बहुत तेज गति से बढ़ती हुई मेला की तरफ बढ़ रही थी तो तत्काल एसडीओपी पवई आर.एम.दुबे, टीआई सिमरिया जगतपाल सिंह, के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ के द्वारा डंडो द्वारा आग बुझाने का सराहनीय प्रयास किया गया प्र.आर.हेतराम शुक्ला आर.श्याम सिंह, नरेंद्र कुमार एवं जनता के लोग आग बुझाने में लग गए,जन सहयोग एवं पुलिस स्टाफ द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में पाया काबू पाया।

# पॉलीटेक्निक पवई के विद्यार्थी अब बनाएँगे मोबाइल, लैपटॉप, टीवी

## शासकीय पॉलीटेक्निक पवई में माइक्रोमैक्स कम्पनी का प्लेसमेंट आयोजित

**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में माइक्रोमैक्स की सहायक कम्पनी भगवती प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कार्यक्रम की शुरआत करते हुये संस्था के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी रामपाल कुशवाहा द्वारा प्लेसमेंट में आयोजित सभी विद्यार्थियों को इस संस्था में पूर्व में हुये प्लेसमेंट की जानकारी दी तथा संस्था के अधिकारियों का स्वागत किया गया। इसके बाद कंपनी की ओर से पधारे एचआर मैनेजर चंद्रकांत मिश्रा ने कम्पनी की प्रोफाइल के बारे में जानकारी में बताया कि यह कम्पनी विभिन्न मोबाइल कंपनियों के पाट्र्स, टीवी के पाट्र्स, लैपटॉप के पाट्र्स आदि बनाती है, इस कम्पनी के वर्तमान में उत्तराखण्ड, राजस्थान, हैदराबाद, में कम्पनी के प्लान्ट मौजूद हैं इनके वर्तमान में बीजिंग के साथ भी टाई अप के साथ कम्पनी काम कर रही है। इनके कंपनियों में लगभग 60 प्रतिशत महिलाओं के द्वारा काम किया जा रहा है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से विशेष रूप से पधारे उत्कर्ष श्रीवास्तव विभागाध्यक्ष सीएसई द्वारा विद्यार्थियों के जिज्ञासा को शांत करते हुये प्लेसमेंट की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुये विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान सीखे गए ज्ञान का सही उपयोग करते हुये कंपनी द्वारा कराये जाने वाले हेंड ऑन कार्य के बारे में बताया। श्रीवास्तव द्वारा आगे बताया गया कि कोई भी कंपनी सीधे प्रोडक्ट मैनुफैक्चरिंग में चयनित विद्यार्थियों से कार्य कराने वाली है जो की ट्रेनिंग के आनुसार भी बहुत अच्छा होगा। संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि पढ़ाई और जॉब के बीच के बीच को भरने के लिए ऐसे हैंड ऑन ट्रेनिंग सह प्लेसमेंट की आवश्यकता होगी। त्रिपाठी ने प्लेसमेंट को अवसर के रूप में बताया कि कई बार पूरे जीवन में अवसर नहीं मिल पाता इसलिए जैसे ही अवसर मिले उसका सही लाभ उठाएँ। इस प्लेसमेंट में कुल 103 रजिस्ट्रेशन हुये थे जिसमें से कुल -22 विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया है जिसे जल्द से जल्द जॉइन करने के निर्देश दिये गए है। इसके अलावा रचना यादव, नीरज यादव, संत कुमार चौधरी, शालिनी शंकर को तुरंत आफ़र लेटर देकर दो दिवस में जॉइन करने के निर्देश दिये गए शेष सभी चयनित को भी जल्द से जल्द आफ़र लेटर देकर जॉइन करने के निर्देश प्रदाय दिये गए। कंपनी के एचआर मिश्रा जी द्वारा उच्च अध्ययन हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को पूरा अवसर देने तथा उनके इस अवधि को कार्य दिवस में गिनने का भी आश्वासन दिया है। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई से विद्यार्थियों का एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इनके चयन पर संस्था के आकाश गुप्ता, एन पी वर्मा, ज्ञानेन्द्र सिंह, सन्नी कचेर, सचिन चौरसिया, नीषी गर्ग, दीपचन्द अहिरवाल, पुष्पेंद्र गौतम, प्रशांत कुमार, ज्योत्सना पटेल, श्रीमति रमा सोनी, बसंत बागरी, कृष्ण कुमार, मयंक भगत, नीरज सेन, महेंद्र अहिरवार, सुश्री राखी परमार, शैलेंद्र शुक्ला, इरशाद अली, श्रीमति प्रसून रेले ने बधाइयाँ दी है। इसमें शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्लेसमेंट प्रभारी हरगोविंद कुर्मी उपस्थित थे। इस प्लेसमेंट को सफल बनाने में राजेश सेन, देवेंद्र गर्ग, पुनीत द्विवेदी, सुशील, प्रवीण, विकास, श्रीमति राखी खंगार ने सहयोग दिया है।

# फर्जी एवं कूटरचित तरीके से भूमि विक्रय करने वाले आरोपी को 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहायक मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, आरोपी रामभगत उर्फ रामभरत एवं रामचरण के स्वत्व और आधिपत्य की भूमि ख.नं. 1040 रकबा 0.100 एवं खन. 1041 रकबा 0.620 हे० भूमि ग्राम बिल्हा तहसील गुनौर, जिला पन्ना में स्थित है। इस भूमि को आरोपीगण ने प्रार्थी दयाशंकर एवं शिवशंकर कुशवाहा को दिनांक 13.01.2021 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से 10,50,000 रूपये में विक्रय की थी, परंतु उक्त भूमि का बाजार मूल्य 6,50,000 रूपये होने से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र में प्रतिफल राशि 6,50,000 रूपये अंकित कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का निष्पादन किया गया है। आरोपीगण ने 10,00,000 की राशि पूर्व में प्राप्त कर शेष राशि 50,000 रूपये की चेक प्रार्थी दयाशंकर के भाई उमाशंकर नामदेव से लेकर दिनांक 13.01.2021 को आरोपीगण रामभगत उर्फ रामभरत एवं रामचरण को दी गयी थी, जिसे आरोपी रामचरण द्वारा बैंक में जमा न कर पुलिस अधीक्षक पन्ना को शिकायत किया। थाना देवेन्द्रनगर द्वारा प्रार्थी दयाशंकर और शिवशंकर को तलब कर नगद राशि 50,000 रूपये दिनांक 12.02. 2021 को दिलाए गए थे और कार्यवाही समाप्त हुई थी। प्रार्थीगण ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.01.2021 के आधार पर प्रार्थीगण का नाम विवादित भूमि पर नामांतरण किए जाने हेतु तहसीलदार के न्यायालय में आवेदन पेश किया, तो तहसीलदार गुनौर द्वारा पारित आदेश दिनांक 01.10.2021 से जानकारी प्राप्त हुई कि प्रार्थीगण को विक्रय की गयी भूमि ख.न. 1041 रकबा 0.620 हे0 का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.01.2021 को भगवतदीन कुशवाहा के पक्ष में 5,95,000 रूपये लेकर निष्पादित करा दिया गया है और आराजी ख.न. 1040 रकबा 0.100 हे० को आरोपी रामभरत उर्फ रामभगत नामदेव द्वारा आरोपी रामचरण नामदेव की पत्नी पूनम के पक्ष में दिनांक 15.01.2021 को विकय कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र निष्पादित करा दिया गया है। आरोपी रामभगत उर्फ राममरत ने आरोपी रामचरण की सहमति से प्रार्थीगण को भूमि विकय किया था। इस प्रकार आरोपीगण ने परिवादी को भूमि विक्रय करने की जानकारी छिपाते हुए और धोखा देकर प्रतिफल राशि प्राप्त कर बेईमानी से पूर्व विकय की गयी भूमियों को पाक-साफ बताकर पुनः प्रार्थीगण को विक्रय किया जाकर छल किया गया है। प्रार्थीगण ने घटना की रिपोर्ट लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक पन्ना को की गयी। पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने के कारण प्रार्थी दयाशंकर ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना के न्यायालय में परिवाद पत्र पेश किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना द्वारा धारा-156 (3) दं.प्र.सं. के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर अपनी रिपोर्ट पेश करने हेतु थाना देवेन्द्रनगर को भेजा गया। थाना देवेन्द्रनगर द्वारा आरोपीगण के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गयी और सम्पूर्ण विवेचना पश्चात प्रकरण आरोपी रामभगत को फरार बताकर एवं आरोपी रामचरण उर्फ मंजू के विरूद्ध अभियोग पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना के न्यायालय में पेश किया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान सुरेन्द्र मेश्राम, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक श्री लक्ष्मीनारायण द्विवेदी द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- रामचरण उर्फ मंजू नामदेव के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- रामचरण उर्फ मंजू नामदेव को क्रमशः धारा- 120बी, 420, 467, 468, 471 भादसं. में क्रमशः 05 वर्ष , 03-03 वर्ष, 05-05 वर्ष, 03-03 वर्ष, 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 रूपए, 2000 रूपए-2000 रूपए, 5000 रूपए-5000 रूपए, 2000 रूपए-2000 रूपए, 1000 रूपए-1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के सभी देव स्थलों से निकले माता के जवारे



नगर में नवरात्रि महापर्व की धूमधाम के बीच मनाया गया। नगर के विभिन्न देवी मंदिरों से माता के जवारे बड़ी धूमधाम और धार्मिक उत्साह के साथ निकाले गए जिसमें महिलाएं सिर पर जवारे रखकर, नाचते-गाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं। नगरवासियों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर जवारे के लिए जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। जवारे नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए ज्वाला माता मंदिर पहुंचे उसके बाद नदी तट की ओर प्रस्थान कर विसर्जित किए गए। पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे।

### नाराज चिकित्सकों ने की कामबंद हड़ताल, अधिकारियों के आश्वासन पर शुरु हुई सेवाएं

# मरीज और परिजनों ने जिला अस्पताल में मचाया हंगामा




चिकित्सकों के साथ मारपीट करने के बाद की तोड़-फोड़

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में मंगलवार की दोपहर एक मरीज और उसके परिजनों ने जमकर हंगामा कर दिया। उनके द्वारा अस्पताल के चिकित्सकों के साथ अभद्रता, मारपीट और ओटी में तोड़-फोड़ की गई, जिसके बाद करीब 3 घंटे तक अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं इस उपद्रव से नाराज चिकित्सक भी हड़ताल पर बैठ गए थे जो बाद में सीएमएचओ, कोतवाली थाना प्रभारी और एसडीएम से कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर काम पर लौट गए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मारपीट करने वाला युवक दीपक कुशवाहा है, जो राजनगर क्षेत्र का निवासी है। बताया गया है कि दीपक सहित उसके परिवार के 4 पुरुष और 7 महिलाएं बीती रात रोड एक्सीडेंट में घायल होकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। सुबह 8 बजे से ही वे स्टाफ से लगातार झगड़ रहे थे। अस्पताल के सर्जन डॉक्टर बद्री पटेल ने बताया कि उन्होंने मरीज और उनके परिजनों से परेशानी पूछी और समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन दीपक ने ओटी में अजीब हरकतें करना शुरु कर दिया, वहीं उसके परिवार की महिलाओं ने तोड़-फोड़ करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, स्टाफ कर्मचारी अजय बाल्मीक, सौरभ खरे, आशीष द्विवेदी, धीरज प्रजापति और नितेंद्र सिंह परमार के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट की। उक्त हिंसा के बाद नाराज डॉक्टर बद्री पटेल सहित अन्य डॉक्टरों और स्टाफ ने दोपहर के वक्त कामबंद हड़ताल शुरू कर दी। करीब 20 मिनट बाद सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता मौके पर पहुंचे, जिनकी समझाइश के बाद इमरजेंसी शुरू हुई। इसी बीच सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी और एसडीएम अखिल राठौर भी अस्पताल पहुंच गए, जिन्होंने चिकित्सकों के साथ बैठक कर पूरी घटना की जानकारी ली। बैठक में डॉ. बद्री पटेल ने अस्पताल में सुरक्षा इंतजामों की कमी का मुद्दा उठाया और पुलिस सुरक्षा बढ़ाने की मांग रखी।

### मुख्य आरोपी के मानसिक रूप से बीमार होने की शंका



इस मामले की पड़ताल की गई तो सामने आया कि अस्पताल में उत्पात मचाने वाला दीपक कुशवाहा खुद को कल्कि अवतार बताता है और उसके परिजन भी इसका समर्थन करते हैं। दीपक द्वारा स्वयं को कल्कि अवतार घोषित कर सोशल मीडिया पर कई वीडियो भी डाले गए हैं, जिन्हें देखकर वह मानसिक रूप से बीमार प्रतीत होता है। हालांकि यह पहलू अभी जांच का विषय है।

### जांच के बाद की जाएगी सख्त कार्रवाई: सीएमएचओ



इस मामले में सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता ने कहा कि एक मरीज और उसके परिजनों का डॉक्टर के साथ विवाद हुआ है, जिसकी जांच थाना प्रभारी के साथ मिलकर की जा रही है। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी सहित अन्य व्यवस्थाएं चालू करा दी गई हैं, जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डॉक्टरों ने कलेक्टर और एसपी से मांगी सुरक्षा



छतरपुर जिला अस्पताल में आज हुए हंगामे के बाद डॉक्टरों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को देर शाम एक आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से डॉक्टरों ने मांग की है कि अस्पताल में हुई घटना पर तत्काल कार्रवाई की जाए और चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। घटना के बाद डॉक्टरों ने अपनी असुरक्षा जताई है, जिसके चलते वे सख्त सुरक्षा इंतजामों की मांग कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर घूम रहा था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने एक युवक को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, जो किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से शहर में घूम रहा था। थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि आरोपी राधेश्याम उर्फ राधे यादव, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम हतना, शहर की पुरानी तहसील के पास संदिग्ध अवस्था में धारदार हथियार लिए घूम रहा था। इस संबंध में सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस बल मौके पर भेजा, जिसके द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से धारदार हथियार बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अधिकारियों ने हड़प लिया मुआवजा, कलेक्टर से हुई शिकायत



**छतरपुर।** राजनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम घूरा निवासी भईयन पटेल ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को आवेदन सौंपकर अपनी पीड़ा जाहिर की। भईयन का आरोप है कि फोरलेन निर्माण के लिए उनके मकान का अधिग्रहण किया गया था, जिसके लिए उसे 14 लाख 30 हजार 516 रुपये का मुआवजा मिलना था, लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने मिलीभगत कर यह राशि हड़प ली। भईयन ने बताया कि वह कई महीनों से इस मामले में अधिकारियों को आवेदन दे रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला। विभाग की ओर से की गई जांच की सही जानकारी भी नहीं दी जा रही, जिसके कारण उन्हें जांच पर संदेह है। जनसुनवाई में अपनी व्यथा रखते हुए भईयन ने कलेक्टर से इस मामले में निष्पक्ष जांच और मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### पत्नी से परेशान युवक ने एसपी से मांगी सुरक्षा



**छतरपुर।** जिले के बरा गांव निवासी रमेश रजक ने गंभीर आरोपों के साथ मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की है। रमेश का कहना है कि दो साल पहले उसने झमटुली निवासी पानाबाई रजक के साथ कोर्ट मैरिज की थी, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही पानाबाई 60 हजार रुपये और जेवरात लेकर अपने मायके चली गई। रमेश के अनुसार, जब वह पानाबाई को वापस लाने गया, तो उसे पता चला कि वह किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई है। इतना ही नहीं, पानाबाई ने उसके खिलाफ झूठा मामला भी दर्ज करा दिया। रमेश का आरोप है कि पानाबाई के भाई और पिता ने उसकी मारपीट की है और जिस व्यक्ति के साथ पानाबाई गई है वह भी उसे धमकी दे रहा है। रमेश ने बताया कि उसे जान से मारने की धमकी मिल रही है। रमेश ने एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कर अपनी सुरक्षा की मांग की है।

## चलती ट्रेन से नीचे गिरे युवक की दर्दनाक मौत

### यात्रियों ने जीआरपी के एस्कॉर्ट कर्मी पर लगाए धक्का देने के आरोप



**हरपालपुर।** महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहे एक युवक की चलती ट्रेन से गिरने के कारण मौत का मामला सामने आया है। ट्रेन में सवार कुछ यात्रियों ने जीआरपी के एस्कॉर्ट कर्मी पर युवक को धक्का देने के आरोप लगाए हैं। जबकि जीआरपी सीओ ने मृतक द्वारा स्कॉटकर्मी पर पत्थर से हमला करने के बाद स्वयं छलांग लगाए जाने की बात कही है। बताया गया है कि घटना जीआरपी थाना महोबा अंतर्गत बेलाताल-हरपालपुर स्टेशन के बीच बीती रात हुई। मृतक सामान्य टिकट लेकर स्लीपर कोच में यात्रा कर रहा था, जिसको लेकर मृत युवक की टीटीई से कहा-सुनी हो रही थी। ट्रेन में सवार यात्रियों का कहना है कि विवाद के बीच पहुंचे जीआरपी के एस्कॉर्ट कर्मी ने युवक को धक्का दे दिया, जिससे वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। ट्रेन को रोककर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया और एस्कॉर्ट कर्मी से मारपीट तक की, हालात बिगड़ते देख सिपाही को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी, जिसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी और स्थानीय महोबकंठ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। फिलहाल छतरपुर जिले के सीमावर्ती थाना महोबकंठ उत्तरप्रदेश में मर्ग कायम कर मामले की जांच और मृत युवक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। जीआरपी सीओ नईम खान मंसूरी ने मामले पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि युवक गेट पर पैर लटकाए बैठा था, जिसे एस्कॉर्ट कर्मी और टीटी ने चेताया लेकिन युवक ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। टिकट मांगने पर भी वह चुप रहा और अचानक पहले से लिए दो पत्थरों से हमला करने लगा, जिसका एस्कॉर्ट कर्मी ने बचाव किया तो वह हाथापाई पर उतारू हो गया और इसके बाद वह खुद चलती ट्रेन से नीचे कूद गया। जीआरपी और स्थानीय पुलिस घटना की जांच कर रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वीडियो फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं जीआरपी थाना अध्यक्ष रणविजय बहादुर का कहना है कि मृत युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। वह ट्रेन के गेट पर बैठा था तब सिपाही ने उसे वहां बैठने से मना किया और गेट बंद करने की बात कही, जिसके बाद युवक कथित तौर पर विवाद करने लगा, बाद में उसने चलती ट्रेन से छलांग लगा दी। मृतक के पास कुछ सामान भी नहीं था।

### चोरी का खुलासा न होने से नाराज व्यक्ति ने दी आत्महत्या की चेतावनी



**छतरपुर/नौगांव।** जिले के नौगांव के रहने वाले प्रमोद कुमार तिवारी ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को एक आवेदन सौंपकर अपनी व्यथा व्यक्त की। प्रमोद ने बताया कि गत 19 फरवरी 2025 की रात उनके घर से करीब 25 लाख रुपये की संपत्ति चोरी हो गई थी, लेकिन नौगांव पुलिस ने अब तक चोरी का खुलासा नहीं किया है। प्रमोद का आरोप है कि नौगांव पुलिस ने रिपोर्ट में न तो संदेहियों के नाम दर्ज किए और न ही चोरी हुई संपत्ति की सही जानकारी। प्रमोद को शक है कि होली के समय नौगांव पुलिस द्वारा पकड़े गए चोरों से पुलिस ने उसके घर से चोरी हुई संपत्ति बरामद कर ली है, लेकिन उसे छिपाया जा रहा है। आक्रोशित प्रमोद ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाते हुए चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही उनके मामले में कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आत्महत्या करने को मजबूर होंगे।

## विवाह के 9 माह बाद महिला ने की आत्महत्या

### मायके पक्ष ने लगाए प्रताड़ना के आरोप



**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पठापुर रोड से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 22 वर्षीय निकिता वैश्य ने विवाह के मात्र 9 माह बाद आत्महत्या कर ली। निकिता ने गेहूं में डालने वाले कीटनाशक का सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त की है। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। दोनों पक्षों के बीच विवाद होने के कारण देर शाम पुलिस की मौजूदगी में निकिता वैश्य का अंतिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक निकिता की शादी जुलाई 2024 में छतरपुर निवासी शिवम वैश्य के साथ हुई थी। उसका मायका उत्तर प्रदेश के थाना चंदरा, ग्राम दरियापुरा में है। बीती रात निकिता ने कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगीं। ससुराल पक्ष ने तुरंत उसे जिला अस्पताल ले जाया, जहां से उसे ग्वालियर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। निकिता की ननद निधि सिंह और सास गीता सिंह ने दावा किया है कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है और घर में कोई विवाद नहीं था। वहीं, मायके पक्ष ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शादी के बाद से ही निकिता को ससुराल पक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। मृतिका की बहन खुशबू सिंह और मां राजकुमारी सिंह ने बताया कि शादी के बाद से निकिता परेशान थी, लेकिन लोक लाज के डर से उसने कभी शिकायत नहीं की। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ, जिसके बाद कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में निकिता की अंत्येष्टि कराई गई। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, और मायके पक्ष के आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

## पुत्री के लापता होने से परेशान पिता ने एसपी से लगाई गुहार

**छतरपुर।** मंगलवार को एक लाचार पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी गत 24 मार्च से लापता है जिससे पूरा परिवार परेशान है।



पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपनी बेटी की तलाश कराने और उसे भगा ले जाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लवकुशनगर निवासी 58 वर्षीय रामेश्वर अहिरवार ने बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री लापता हैं। रामेश्वर ने बताया कि 24 मार्च की सुबह करीब 7 बजे उसकी पुत्री घर से लापता हो गई थी। इसके बाद उन्होंने घर के आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रामेश्वर का संदेह है कि गांव का गोपाल उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। उन्होंने इस घटना की शिकायत लवकुशनगर थाने में की थी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। रामेश्वर ने एसपी कार्यालय में गुहार लगाते हुए बेटी को तलाश करने और संदेही गोपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## आरोप: थप्पड़ से गई युवक की जान...!

### पुलिस ने शुरू की जांच, सोमवार की शाम को हुई थी घटना



**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। बताया गया है कि एक युवक के साथ कुछ लोगों ने थप्पड़ से मारपीट की, जिसके बाद युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार की शाम गंज तिगड्डा पर हुई, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है, साथ ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।मृतक के भाई गरवेंद्र सिंह बुंदेला के अनुसार उसका 26 वर्षीय भाई अरविंद सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह बुंदेला सोमवार की शाम को गंज तिराहे पर था तभी किशन, बिल्लू और अंकित नाम के तीन युवकों ने अरविंद को किसी बात पर थप्पड़ मार दिए। थप्पड़ लगने के बाद अरविंद जमीन पर गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम किया। सोमवार को बड़ामलहरा अस्पताल में डॉक्टर हरगोविंद राजपूत और डॉक्टर रवि पालीवाल ने मृतक का पोस्टमार्टम किया। थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत लेकर मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### पुलिस अधिकारियों ने की बीट व माइक्रो बीट व्यवस्था की समीक्षा



**छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय और मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में अपराधों की रोकथाम और पुलिस कार्यप्रणाली को सशक्त बनाने हेतु गत रोज बीट एवं माइक्रो बीट प्रणाली की समीक्षा की गई। पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया है कि वे बीट में नियमित भ्रमण कर क्षेत्रीय जनता से संवाद स्थापित करें और जुआ, अवैध शराब, मादक पदार्थों, आदतन अपराधियों की गतिविधियों सहित अन्य आपराधिक जानकारियां संकलित करें। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारियों ने 33 थाना क्षेत्रों (थाना यातायात, महिला थाना और अजाक को छोड़कर) की 142 बीट और 303 माइक्रो बीट क्षेत्रों का निरीक्षण कर बीट पुस्तिकाओं की जानकारी की समीक्षा की। थाना क्षेत्रों को माइक्रो बीट में विभाजित कर प्रत्येक माइक्रो बीट प्रभारी (आरक्षक, प्रधान आरक्षक) को क्षेत्रीय जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसका उद्देश्य है कि पुलिसकर्मी सीधे आमजन से जुड़ सकें और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। बीट पुस्तिका में भौगोलिक स्थिति, प्रमुख व्यक्तियों, पूर्व विवादों, मेले, घुमंतू जनजातियों जैसे विवरण समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे पुलिस व्यवस्था अधिक संगठित और प्रभावी हो सके।

## महिला ने पति पर लगाए दहेज प्रताड़ना के आरोप

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम झमटुली की रहने वाली एक महिला ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए अपने पति पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जबरन कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रानी पुत्री बंदी हरिजन की शादी वर्ष 2019 में बरायचखेरा निवासी सुनील हरिजन से हुई थी। उसका एक पांच वर्षीय पुत्र भी है। रानी के मुताबिक शादी के कुछ समय बाद से ही उसका पति सुनील, दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा था। रानी का कहना है कि उसका पति दो लाख रुपये दहेज के रूप में मांग रहा है। जब उसकी मांग पूरी नहीं हुई तो उसके द्वारा मारपीट की गई। रानी का आरोप है कि मारपीट के बाद सुनील ने जबरदस्ती कोरे कागज पर उसके हस्ताक्षर करवा लिए और अब तलाक देने की धमकी दे रहा है। रानी ने बताया कि उसने पहले भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को उसने एक बार फिर आवेदन देकर पति सुनील के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### ट्रैक्टर पलटने से युवक की दर्दनाक मौत

**छतरपुर।** मंगलवार की दोपहर पिपट थाना क्षेत्र के एक गांव में भीषण हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे का शिकार हुआ व्यक्ति बहादुर राजपूत पुत्र नाथूराम राजपूतउम्र 26 वर्ष निवासी गंज सिजारी थाना पिपट है, जो मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे वह घर से ट्रैक्टर लेकर खेत पर गेहूं भरने जा रहा था। गांव के मंदिर के पास ट्रैक्टर मय ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वह नीचे दब गया। ग्रामीणों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## सड़क हादसे में दो की मौत, तीन घायल



**छतरपुर।** जिले के महाराजपुर क्षेत्र में सोमवार की शाम को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे दो लोगों की मौत होने के साथ-साथ तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना महाराजपुर के समीप स्थित पेट्रोल पंप के सामने हुई। बताया गया है कि एक बाइक पर चार व्यक्ति सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर एक व्यक्ति था। दुर्भाग्यवश, दोनों बाइक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अनिल राय निवासी कुसुमा और राजेश सिंह परिहार निवासी ग्राम महेबा के रूप में हुई है। 108 एंबुलेंस की मदद से मृतकों और घायलों को जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर अभय सिंह ने दो के मृत होने की पुष्टि की। उन्होंने एक घायल संदीप राजपूत की हालत गंभीर बताई है जबकि बबलू और छोटू यादव को मामूली चोटें होने की बात कही। वहीं घायल छोटू यादव ने बताया कि वह अपने साथी संदीप, बबलू और अनिल राय के साथ अपने गांव कुसमा जा रहा था, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई।

## तीन माह से लापता बेटी की तलाश में भटक रहे माता-पिता

### पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप, एसपी से की शिकायत



**छतरपुर।** जिले के भगवां थाना अंतर्गत कुसाई गांव की रहने वाली रामसखी रैकवार मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने अपनी तीन माह से लापता नाबालिग बेटी की तलाश की गुहार लगाई। रामसखी ने भगवां थाना पुलिस पर मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। रामसखी रैकवार के अनुसार, उसकी बेटी 1 जनवरी 2025 को घर से यह कहकर निकली थी कि वह भगवां बाजार में दुकान चला रहे अपने पिता के पास जा रही है, लेकिन इसके बाद लौटकर घर नहीं आई। अगले दिन, 2 जनवरी को ने भगवां थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रामसखी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज होने के तीन माह बाद भी पुलिस उसकी बेटी को नहीं खोज सकी है। उसने गांव के ही मोहन उर्फ बिट्टू रैकवार पर संदेह जताते हुए कहा कि वही उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया है कि उसकी बेटी की जल्द से जल्द तलाश की जाए और आरोपी युवक पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### रीवा को स्मार्ट नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में समन्वित प्रयास करें

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने रीवा क्षेत्र में पुनर्घंत्वीकरण कार्यों की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि रीवा नगर को आधुनिक नगरीय सुविधाओं से युक्त स्मार्ट नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में सभी विभाग समन्वयित प्रयास करें। अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ला, आयुक्त नगरीय प्रशासन सिबी चक्रवर्ती, नगर निगम रीवा के आयुक्त सौरभ सोनवड़े सहित नगरीय विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

**रीवा ।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनकहरी के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बीती रात करीब दस बजे हुआ, जब युवक राजकुमार विश्वकर्मा बाइक से घर की ओर जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मारी, जिससे वह सड़क से दूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हैरानी की बात यह रही कि घायल युवक घंटों सड़क पर पड़ा रहा, लेकिन किसी ने उन्हें देखा तक नहीं,घटना के बाद युवक मदद के लिए तड़पता रहा, लेकिन जब तक स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार सुबह के समय उसे देखा और 108 एंबुलेंस को सूचना दी, तब तक वह सड़क पर पड़ा था। सूचना मिलते ही एंबुलेंस ने घायल युवक को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल उपचार प्रदान किया। अस्पताल में उसका इलाज जारी है, और उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### स्वाद फैमिली रेस्टोरेंट का लायसेंस निलंबित

**रीवा ।** मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर न्यू बस स्टैंड स्थित स्वाद फ़ैमिली रेस्टोरेंट का लायसेंस जांच के उपरांत निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता द्वारा पोर्टल में शिकायत की गयी थी कि रेस्टोरेंट से पार्सल के माध्यम से कढ़ाई पनीर व रोटी का ऑर्डर दिया गया था। जब सप्लाई प्राप्त हुई तो पार्सल खोलने पर कढ़ाई पनीर में कॉकरोच पाया गया। शिकायत की जाँच खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा की गई। जाँच के दौरान स्वाद फ़ैमिली रेस्टोरेंट के किचन में गंदगी पाई गई नालियां किचन में खुली हुई थी तथा किचन में ही जूठे बर्तनों को साफ़ कर उसका वेस्ट वही रखा गया था साथ ही मंज़िल की खिड़की खुली हुई थी जिनमें किसी प्रकार की नेट नहीं लगी हुई थी। पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेशन एवं फ़ूड हैंडलर्स के फ़िटनेस सर्टिफ़िकेट भी नहीं पाए गए। किचन में अत्यधिक गंदगी होने एवं शिकायत के संदर्भ में स्वाद फैमली रेस्टोरेंट का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर खाद्य व्यवसाय पर पूर्ण रोक लगा दी गई है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** कलेक्टर कार्यालय पहुंचे अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने हुजूर तहसील कार्यालय में मनमानी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। सोमवार को कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि तहसील कार्यालय में पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण, बंटवारा आदि के प्रकरण तथा सीमांकन के मामले जो अधिवक्ताओं की ओर से पेश किए जाते हैं उन्हें किसी न किसी कारण से निरस्त कर दिया जाता है। इसके विपरीत जो मामले पटवारी के माध्यम से आते हैं उन्हें स्वीकार किया जाता है। इससे अधिवक्ताओं के प्रोफेशन पर बुरा असर पड़ रहा है। आम जनमानस मजबूरी में दलालों, पटवारियों के चक्कर में आकर लुट रहा है। इसी तरह का हाल वृत्त बनकुइयां, गोविंदगढ़ एवं नायब तहसीलदार नगर के न्यायालय का भी है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि तहसीलदार खुद छह-छह महीने तक निर्णय सुरक्षित रखते हुए आदेश पारित नहीं करते हैं।

अवैध हथियारों के व्यापार में लेनदेन को लेकर हुई थी युवक की हत्या

# सलैया गांव में हुए हत्याकांड का खुलासा

**दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस रिमाण्ड में चल रही पूछताछ**

जिले मे विगत दिवस बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र के सलैया गांव में हुए गोलीकाण्ड युवक की मौत हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने हत्या करने वाले दो आरोपियों करते हुए पूरे मामले का खुलासा किया है,

रीवा।



पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर न्यायालय से पूछताछ के लिए दो दिन की रिमाण्ड में लिया है, जिनसे पुलिस अब पूरे मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है, पूरे मामले के संबंध में खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल ने बताया कि 4 अप्रैल को सलैया में बाइक सवार दो अज्ञात आरोपियों ने सत्यपाल सिंह उर्फ अर्पित सिंह निवासी ग्राम सलैया की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बैकुंठपुर पुलिस ने मामले में हत्या का मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू की जिसके बाद संदेही योगेश शुक्ला उर्फ मोहित हाल निवासी बरगवां सिंगरौरी एवं संजय बसोर निवासी बरगवां को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू की। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतक सत्यपाल सिंह उर्फ अर्पित सिंह से अवैध पिस्टल की खरीदी की कीमत को लेकर पैसे के लेनदेन पर विवाद की स्थिति निर्मित थी, जिसके चलते उन्होने वारदात को अंजाम दिया था। और मौके से फरार हो गए थे, पुलिस ने आरोपी योगेश के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग देशी पिस्टल एवं 02 नग जिंदा कारतूस एवं एक कार बरामद की है। घटना के बाद आरोपी योगेश उर्फ मोहित ने मृतक का मोबाइल उसके पास से लेकर रास्ते में फेंक दिया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर मोबाइल भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामले में धारा 3(5) बीएनएस. 25, 27 आर्म्स एक्ट का इजाफा भी किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से एक कार सहित देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस, दो नग मोबाइल सहित मृतक का मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी योगेश शुक्ला उर्फ मोहित पिता वृहदकरण शुक्ला 28 वर्ष निवासी ग्राम बड़ी हर्दी थाना बैकुण्ठपुर हाल मुकाम बरगवां, थाना बरगवां, जिला सिंगरौली व संजय बसोर पिता स्व. रामधनी बसोर 26 वर्ष निवासी वार्ड 9 बरगवां थाना बरगवां को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है।बॉक्स पुलिस ने पूछताछ के लिए लिया दो दिन की रिमांड में पकड़े गए आरोपी अवैध हथियारों के कारोबार से जुड़े थे। वे पिस्टल व कट्टे की सप्लाई करते थे। अवैध हथियार कहां से लाते थे, किन-किन लोगों को बेचा है, उन सभी की पुलिस कुंडली बनाने में लग गई है। आरोपियों को न्यायालय में पेशकर दो दिन की रिमांड पर लिया गया है। उनसे हथियारों के संबंध में पूछताछ की जाएगी। माना जा रहा कि आरोपी काफी समय से अवैध हथियारों का नेटवर्क चला रहे हैं।

**इनकी रही भूमिका:** गोली कांड के आरोपियों को पकडऩे में बैकुंठपुर पुलिस थाना के निरीक्षक विजय सिंह बघेल, सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र पटेल , उनि. ललन सिंह, सउनि. कल्लू प्रसाद रावत, प्रआर. राजरूप साकेत, आरक्षक अजय बागरी, आशुतोष मिश्रा, भूपेन्द्र बर्मन, अंजार अंसारी एवं सायबर सेल टीम रीवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बंदियों को निःशुल्क अपील करने की दी गई जानकारी



रीवा ।

उच्चतम तथा उच्च न्यायालयों के निर्देशों के अनुसार केन्द्रीय जेल रीवा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में शासकीय पैनल अधिवक्ताओं द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को उच्चतम तथा उच्च न्यायालयों में निःशुल्क अपील किये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बंदियों को नवीन भारतीय न्याय संहिता तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की जानकारी भी प्रदान की गयी। इस अवसर पर न्यायाधीश तथा सचिव समीर कुमार मिश्रा द्वारा जेल के अस्पताल, बैरकों तथा रसोई घर का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला विधिक अधिकारी अभय मिश्रा, अधिवक्ता अमरज्योति गुप्ता, दीपक गुप्ता, शिवशरण सिंह, उमेशबहादुर सिंह, रामकृष्ण गौतम तथा अनीशमणि पाण्डेय द्वारा बंदियों को विधिक सहायता से संबंधित जानकारी दी गयी। शिविर में उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, उप जेल अधीक्षक योगेश परमार, सहायक जेल अधीक्षक पूजा मिश्रा, शिक्षक राजीव तिवारी, पैरालीगल वालेंटियर तथा जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।

## जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने 90 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

रीवा ।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आमजनता के आवेदनों पर सुनवाई के लिए साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई करते हुए कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण करें। आवेदनों में समुचित कार्यवाही करके सात दिवस में इनका निराकरण करें। आवेदन में की गई कार्यवाही की आवेदक को भी सूचना दें। जनसुनवाई के आवेदनों का प्रतिवेदन ऑनलाइन दर्ज करें। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त 90 आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, तहसीलदार मनोज शुक्ला तथा एसएलआर सहित सभी संबंधित अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहे। जनसुनवाई में दिलीप सिंह बघेल निवासी रीवा ने ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। फूलकली मिश्रा निवासी बरा ने बिजली के बिल में सुधार तथा मीटर बदलने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। नीता बंसल निवासी मनगवां ने उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रमेश साकेत निवासी मड़वा ने बहुती नहर निर्माण के लिए अधिग्रहीत जमीन के मुआवजे के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में रविकुमार गुप्ता निवासी रीवा ने उनके दिवंगत पिता के वेतन निर्धारण का कोष एवं लेखा कार्यालय से सत्यापन कराने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा को एक सप्ताह में प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। भैरव प्रसाद निवासी ग्राम खाझा पनवार ने सरकारी तालाब से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार जवा को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। भगवानदास द्विवेदी निवासी ग्राम ढखरा ने नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल व्यवस्था, सीमांकन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, राहत राशि देने मजदूरी भुगतान सहित विभिन्न आवेदनों पर सुनवाई की गई।

# मैहर से दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी

**दो दर्जन घायल, ट्रक से टकराकर होने के कारण हुई घटना**

रीवा।



शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार की सुबह मैहर से दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्रक से टकराते हुए अनियंत्रित होकर पलट गई, बता दे पिकअप सवार मैहर मॉ शारदा के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। जिसके बाद घटना में घायल हुए श्रद्धालुओं को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार घायल के संबंध अवधेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी लोग उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले अंतर्गत रघुनाथपुर गांव से मैहर दर्शन के लिए गए हुए थे। पिकअप वाहन से देवी दर्शन कर वो वापस लौट रहे थे, तभी जैसे ही वाहन चोरहट के पास पहुंचा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पिकअप आगे जा रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई जिसके बाद चालक ने अचानक पिकअप की स्टेरिंग घुमा दी और पिकअप खेत में जाकर पलट गई। अचानक हुए इस हादसे के बाद ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी जिसके बाद घटना में घायल हुए लोगों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।वही पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

## टेलीग्राम में ऑनलाइन लिंक भेजकर 3 लाख से अधिक की ठगी सायबर ठगों ने लालच देकर नाबालिक बच्चों को बनाया शिकार

**पुलिस से हुई शिकायत**

रीवा।



जिले मे सायबर ठगो ने एक बार फिर एक परिवार को अपना शिकार बनाया है, ठगों ने अपने जाल में फसाकर लाखों की ठगी की है। ठगों की गैंग ने परिवार के एक नाबालिक बच्चे को झांसा देकर तीन लाख से अधिक रूपए खाते से उड़ा लिए हैं तीन लाख से अधिक रूपए खाते से निकलने के बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत लालगांव चौकी में की है। पीड़िता पुष्पा गौतम ने बताया कि उसके पति की कुछ दिन पूर्व ही मृत्य हो गई थी। शनिवार को उसका बड़ा बेटा मोबाइल लिए हुए था, जहां टेलीग्राम में एक लिंक आई। जिसे टच करते ही उसे एक गेम में सायबर ठगो ने फंसा लिया। पहले कहां गया कि दस हजार दो तो 12 हजार रूपए मिलेगे। जिसके बाद नाबालिक बच्चे को पैसे की लालच में सायबर ठगो के बिछाए जाल में फस गया। पहले तो कुछ बढ़ी हुई रकम उसे वापस दी गई लेकिन जब वह तीन लाख से अधिक रूपए गवां बैठा तो सायबर ठग बोले की और पैसा ट्रासफर करो तो बढ़ा हुआ पैसा वापस आ जाएगा। ऐसा करते करते युवक लाखों रूपए खाते से गवा बैठा। पीड़िता ने बताया कि बच्चों के व्रतबंध संस्कार के लिए पैसा रखा हुआ था, लेकिन सायबर ठगो ने उसके बैंक एकाउंट से करीब 3 लाख 87 हजार 480 रुपए पार कर दिए। पनगढ़ी खुर्द निवासी पुष्पा गौतम ने बताया कि ऑनलाइन लिंक भेजकर सायबर ठगो ने उसे ठगी का शिकार बनाया है। पीड़िता ने लालगांव पुलिस से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है। वही पुलिस अब पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## सीतापुर और खैरा की शराब दुकान हटाने सरपंचों ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन



मऊगंज

जिले में शराब की दुकान मऊगंज विधानसभा का हटाने का मामला अभी ठंडा नहीं पड़ा कि अब देवतालाब विधानसभा के सीतापुर और खैरा में बीच बाजार पर संचालित शराब की दुकान हटाने सरपंच सहित जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर मऊगंज को ज्ञापन दिया है दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि दोनों दुकान बाजार में स्थित है जहां विद्यालय भी है जिससे बच्चों पर बुरा असर पड़ता है आए दिन शराबियों द्वारा वादविवाद भी किया जाता है देर रात तक उत्पात मचाया जाता है जिला पंचायत सदस्य 28 से देवेंद्र शुक्ला सरपंच मोहम्मद शब्बीर अंसारी सीतापुर दुवसिया पटेल खैरा रत्नावली दुबे गौरी साधना सिंह कुलबहेरिया सहित कई लोगों ने खैरा एवं सीतापुर की बाजार से शराब की दुकान हटाने का ज्ञापन कलेक्टर को दिया है*बिना गुणवत्ता के बन रही सड़क का विरोध*देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के सीतापुर से ढेरा फराहदा पहुंच मार्ग में सड़क निर्माण कम्पनी गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा निर्माण किया जा रहा है 07 किलोमीटर की इस सड़क में चार करोड़ 52 लाख की लागत से काम किया जा रहा है जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र शुक्ला ने घटिया निर्माण एवं प्राक्कलन के विरुद्ध सड़क निर्माण का विरोध करते हुए कलेक्टर से शिकायत की है सड़क निर्माण पूर्ण होने की अवधि वर्ष 2023 में थी किंतु सड़क का निर्माण अब तक पूर्ण नहीं हुआ गलत तरीके से बन रही सड़क का विरोध सीएम हेल्पलाइन में भी किया जा चुका है इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कई शिकायत की गई किंतु विभाग द्वारा अब तक कोई जांच व कार्रवाई नहीं की गई जिसके संबंध में कलेक्टर से शिकायत की गई है।

## गड़रा मामले में बीएसपी का उग्र प्रदर्शन के साथ न्यायिक जांच की उठाई मांग

मऊगंज



जिले का चर्चित गड़रा काड़ में दो हत्याओं के बाद एक ही घर के तीन सदस्यों की फांसी में लटकती लाश के बाद मामला पूरी तरह गर्मा गया है मामले में बड़े स्तर से बड़े अधिकारियों का स्थानांतरण भी किया गया है वर्तमान विधायक प्रदीप पटेल भी स्थल का मुआयना कर चुके हैं पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना सीबीआई से जांच कराने की मांग की है वहीं बीएसपी पार्टी की मऊगंज जिला अध्यक्ष अनीता सुमन हजारों कार्यकर्ताओं के साथ उग्र प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर मऊगंज को ज्ञापन दिया है जिसमें न्यायिक जांच के साथ पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा एक ही घर में तीन लाशों का मिलना संदेह के घेरे में प्रशासन है इसके अलावा कई ऐसे घर है जिनके लोग अभी भी लापता हैं पुलिस उनकी खोज करे और शांतिपूर्ण तरीके से गांव का माहौल ठीक हो निर्दोषों पर एफआईआर की जांच हो संदिग्ध परिस्थितियों में तीनों मौत की न्यायिक जांच के साथ खुलासा किया जाए इन सभी मांगो को लेकर सोमवार को बीएसपी ने उग्र प्रदर्शन किया पत्रकार वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष अनीता सुमन ने विधायक मऊगंज को मदारी का दर्जा देते हुए कहा विधायकी छोड़कर उन्हें हरिद्वार चले जाना चाहिए रोजाना रंग बदलने की कला मऊगंज विधायक में है गड़रा मे इतनी बड़ी घटना के बाद विधायक चुप है जनता इस बार बाहर का रास्ता दिखायेगी गरीबों पर लगातार अत्याचार किया जा रहा हैं इन तमाम विषयों को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया सिंचाई विभाग कॉलोनी से रैली के रूप में प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां जिला प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।